सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# अपनी बात

अंक : 574 वर्ष 43 रांँची, 30 नवम्बर, 2021














# अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का संदेश



आज हम सब कोविड–19 महामारी की चपेट से बाहर आने की कोशिश में हैं। उससे बचने के लिए सभी जरूरी उपायों को अपना रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का यथोचित उपयोग के साथ–साथ 100% टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश हम कर रहे हैं। अभूतपूर्व और विपरीत परिस्थितियों में भी आशा और विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है भले ही आज कठिनाई है, कल बेहतर होगा और यदि हम उम्मीद न छोड़ें तो भविष्य अवश्य ही बेहतरीन होगा। हमने कोविड–19 प्रोटोकोल का पालन करते हुए 75वें स्वतंत्रता दिवस को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर उन वीर शहीदों को नमन किया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की।

देश की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु सीसीएल कृतसंकल्पित है। सीसीएल परिवार निरंतर कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने उत्पादन–उत्पादकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयासरत है। हमारे परिवार का प्रत्येक सदस्य कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़संकल्प के साथ अपने कार्य को निष्पादित कर रहा है। हमारा निरंतर प्रयास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय के आत्मनिर्भर भारत अभियान में सीसीएल का महत्वपूर्ण योगदान रहे। हम सिर्फ उत्पादन या उत्पादकता का ही ध्यान नहीं रखते बल्कि अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहे हैं। चाहे वह खान सुरक्षा से संबंधित विषय हो या फिर लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक उत्थान से हमारा सार्थक प्रयास निरन्तर जारी है और रहेगा। मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

विगत कई वर्षों से प्रकाशित सीसीएल की पत्रिका 'अपनी बात' एक नये रूप और अंदाज में आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसका उद्देश्य कंपनी की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकार आदि के कार्यों से आपको अवगत कराना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी लाभान्वित होंगे। मैं 'अपनी बात' की टीम के इस अच्छे प्रयास की सराहना करता हूँ।

आपके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाओं के साथ पुनः धन्यवाद!

(पी. एम. प्रसाद)

# निदेशक (कार्मिक) का संदेश



हम समस्त देशवासी 75वें स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं। आज कोरोना रूपी महामारी हमारे सामने भयावह रूप लिए खड़ा है जिसने विश्व के समस्त मानव जाति के समक्ष एक अभूतपूर्व कठिन परिस्थिति प्रस्तुत कर दी है। इस महामारी को हराने के लिए यह आवश्यक है कि पूरा देश एक साथ खड़ा होकर सरकार के सारे निर्देशों का अक्षरशः पालन करे। मास्क पहनना, हाथों को निरंतर साबुन से धोना या सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुसरण करना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इन प्रयासों से बहुत जल्द ही कोरोना वायरस से भी हमें आजादी मिलेगी।

एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में अपने स्टेकहोल्डर्स एवं समाज के प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियाँ हैं और एक जिम्मेदार उद्यम के रूप में हम हमेशा उनके निर्वहन करने के प्रयास में लगे रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा प्रवासी श्रमिकों के लिए चलाई गई "श्रमिक स्पेशल ट्रेन" से अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहे हज़ारो श्रमिक बंधुओं को सीसीएल टीम के द्वारा राँची, हटिया और बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर लगभग 14000 से ज्यादा फूड पैकेट्स और पानी बोतलें उपलब्ध कराई गयी। सीसीएल की मेडिकल टीम ने समय की पराकाष्ठा पर खरे उतरते हुए गांधीनगर और रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल में 1750 से भी अधिक कोरोना संक्रमित मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर चुकी है।

इन सभी उपलब्धियाँ और सामाजिक कार्य में सीसीएल परिवार के हर एक सदस्य, विभाग और सचिवालय का सहयोग रहा है, जिसके बगैर हर एक प्रयास, पहल और कार्य अकल्पनीय है। यह उदाहरण है हमारी टीम वर्क, समन्वय और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का जिसके लिए मैं सीएमडी सीसीएल, अपने सहयोगी निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सीसीएल परिवार द्वारा इस आपदा के दौरान अपने स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया गया। कर्मियों और सीसीएल प्रबंधन के बीच विश्वास की कड़ी को और मजबूत करने का भी हमेशा हमारा प्रयास रहा है। टीम सीसीएल ने लॉकडाउन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, कर्मठता और समर्पण भाव से निभाते हुए अपने कमांड क्षेत्रों में निरंतर गरीबों, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच खाद्य सामग्री की आपूर्ति किया गया। बरका सयाल, अरगडा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध–संघमित्रा, आम्रपाली–चंद्रगुप्त, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में लगभग 490 क्विंटल खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज इत्यादि उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक रसोई के माध्यम से लगभग 9,000 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। साथ ही कंपनी के द्वारा लगभग 24,000 परिवारों के बीच खाने का पैकेट भी वितरित किया गया। सीसीएल कमांड क्षेत्र के 37 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों, चबूतरों, हैंड पंप के आसपास के स्थान आदि को सैनिटाइज़ किया गया है। कंपनी के द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं से लॉकडाउन के दौरान लगभग 4000 हस्त निर्मित मास्क क्रय कर जरुरतमंदो के बीच वितरित किया गया। मुझे उम्मीद है कि नये रूप में प्रकाशित सीसीएल की आंतरिक मासिक पत्रिका "अपनी बात" हमारे कर्मियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी।

(पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव)

# कोल इंडिया/सीसीएल का 47वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## सीसीएल में 900 से अधिक कर्मचारियों को सामूहिक पदोन्नति






(बायें) कोल इण्डिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल से 'बेस्ट कॉर्पोरेट अवार्ड ऑन सेफ्टी' के लिए प्रथम एवं 'बेस्ट अवार्ड ऑन सीएसआर' के लिए द्वितीय पुरस्कार का अवार्ड प्राप्त करते सीसीएल सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद एवं (दायें) शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित करते निदे. (का.) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव


1 नवम्बर 2021 को कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का 47वां स्थापना दिवस मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर सीसीएल में कार्यरत 900 से अधिक कर्मचारियों को पदोन्नति दी गयी।

अवसर विशेष पर मुख्यालय, रांची में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस प्रांगण में स्थित "शहीद स्मारक" पर सीसीएल के कर्मवीर दिवंगत सपूतों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने कोल इंडिया का झंडा फहराया साथ ही सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों के झडों को विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने फहराया। सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने कोल इंडिया, कोलकाता में आयोजित 'स्थापना दिवस समारोह' में भाग लिया और विभिन्न श्रेणी में प्राप्त अवार्ड ग्रहण किया।

अवसर विशेष पर श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव ने अपने संबोधन में सभी को स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में अपना निरंतर योगदान दे रहा है।

इस अवसर पर कोल इंडिया में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सीसीएल को 'बेस्ट कॉर्पोरेट अवार्ड ऑन सेफ्टी' के लिए प्रथम एवं 'बेस्ट अवार्ड ऑन सीएसआर' के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही साथ 'बेस्ट फिमेल ऑपरेटर (एचईएमएम)' का अवार्ड सुश्री अनिता कुमारी, ड्रील ऑपरेटर, तोपा ओसी, कूजू क्षेत्र को, 'बेस्ट एरिया जेनेरल मैनेजर' का अवार्ड श्री के. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (मगध एवं आम्रपाली) को एवं 'बेस्ट एचओडी' का अवार्ड श्री सी. बी. सहाय, महाप्रबंधक (यो. एवं परि.), सीसीएल को दिया गया।



# केन्द्रीय संसदीय मामले, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने समीक्षा बैठक की




केन्द्रीय संसदीय मामले, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक की एक झलक

विगत 13 नवम्बर को दरभंगा हाउस, राँची स्थित मुख्यालय में केन्द्रीय संसदीय मामले, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने कोल इण्डिया लिमिटेड एवं सीसीएल सहित इसकी अन्य अनुषंगी कम्पनियों की एक समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री जोशी ने देश के पावर प्लांटों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने उत्पादन एवं प्रेषण बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में केन्द्रीय संसदीय मामले, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के अलावा अपर सचिव, कोयला मंत्रालय श्री एम. नागाराजू, कोल इण्डिया लि. के निदेशक तकनीकी, श्री बिनय दयाल, सीसीएल एवं बीसीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, ईसीएल के सीएमडी श्री पी. एस. मिश्रा, सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचा.) श्री भोला सिंह, सीसीएल के निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री एस. के. गोमस्ता, सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुना राव, सीसीएल के सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कोल इण्डिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल सहित अन्य अनुषंगी कम्पनियों के सीएमडी एवं अन्य वरीय अधिकारी भी इस बैठक में वर्चुवल रूप से उपस्थित थे।

सीसीएल एवं बीसीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने दोनों कम्पनियों के उत्पादन एवं प्रेषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि कम्पनी अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का एक दृश्य

विगत 18 नवम्बर को मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध), श्री उमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित राजभाषा के नोडल अधिकारी सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

मुख्यालय तथा क्षेत्रों द्वारा प्राप्त तिमाही रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण पावर प्वाइंट के माध्यम से राजभाषा विभाग के सहायक प्रबंधक, श्री दिविक दिवेश द्वारा किया गया। पूर्व में राजभाषा के लिए किये गये कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

# सीसीएल में झारखण्ड स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची के प्रागंण में विगत 15 नवम्बर को झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री भोला सिंह, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल कर्मियों ने भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री भोला सिंह ने सभी को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस एवं झारखण्ड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुण्डा का झारखण्ड के जनजातियों के उत्थान एवं प्रकृति को संरक्षित करने के लिए अहम भूमिका निभायी जो हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।



निदेशक (संचालन), श्री भोला सिंह भगवाल बिरसा को नमन करते हुए

# कल्याण बोर्ड की बैठक सम्पन्न




कल्याण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते निदेशक (का.) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुना राव एवं उपस्थित अधिकारीगण

विगत 8 नवम्बर, 2021 को मुख्यालय, रॉची में कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कल्याण बोर्ड के सदस्य, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक), श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव ने कल्याण बोर्ड के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि सीसीएल अपने कर्मियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और हमें उनकी समस्याओं के निवारण हेतु हर सम्भव सार्थक प्रयास करना चाहिए। उपरोक्त बैठक के पूर्व सीसीएल मुख्यालय, रांची में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स एम्प्लोईज बेनेवोलेंट फंड सोसाइटी (सीसीईबीएफएस) की गवर्निंग बॉडी की बैठक आयोजित की गयी।

# सीसीएल द्वारा 25 युवकों को 'मोटर साइकिल रिपेयर प्रशिक्षण'

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन एवं निदेशकगण के नेतृत्व में सीसीएल द्वारा अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सीसीएल द्वारा 'मोटर साइकिल रिपेयर प्रशिक्षण' का शुभारंभ किया गया जिसमें 25 जनजातीय युवकों को 'मोटर साइकिल रिपेयर प्रशिक्षण' दिया जायेगा।

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

## स्मारिका– "जागृति" का विमोचन किया गया



'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का एक दृश्य

विगत 3 नवम्बर, 2021 को मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों व इकाइयों में 26 अक्टूबर से 01 नवंबर तक चले 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सीसीएल कर्मियों के साथ–साथ आमजन को "स्वतंत्र भारत @75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" हेतु जागरूक, प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए सीसीएल मुख्यालय स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में यह आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री एस.के. गोमस्ता, पूर्व निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा, आकाशवाणी, राँची के निदेशक श्री एम. के. सिंह एवं उपनिदेशक श्री अब्दुल हमीद सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय नोडल अधिकारी एवं सीसीएल कर्मी सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री पी.एम. प्रसाद एवं पूर्व निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी. के. श्रीवास्तव सहित सभी निदेशकगण एवं सीवीओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अवसर विशेष पर सतर्कता विभाग द्वारा एक स्मारिका– "जागृति" का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि सीसीएल के पूर्व निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने अनेक उदाहरण देते हुये कहा कि हम सभी को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने वाले टीम को बधाई दिया।

सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा ने सीसीएल में आयोजित सतर्कता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि सतर्कता के प्रति जागरूकता का संदेश हम सभी को मिलकर जन–जन तक पहुंचाना है क्योंकि बिना जनभागीदारी का कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता है।

समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को, जैसे – पेंटिंग, स्लोगन एवं अन्य के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। साथ ही आकाशवाणी द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में 04 (चार) विजयी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। सतर्कता जागरूकता से संबंधित नोडल अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्री नवनीत कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री बिमल कुमार ने किया।

"भ्रष्टाचार को दूर करो, बेहतर देश का निर्माण करो"

## कोल इंडिया की अनूठी पहल

# कर्मी की 2 साल की मासूम बच्ची के इलाज के लिए स्वीकृत किए 16 करोड़ रुपये

देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी कोल इंडिया ने दिल को छू लेने वाली एक पहल करते हुए अपने एक कोयला खनिक की 2 वर्ष की मासूम बच्ची के इलाज के 16 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।


'स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी' (एसएमए) नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रसित और इलाजरत सृष्टि रानी

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के दीपका कोयला क्षेत्र में कार्यरत ओवरमैन श्री सतीश कुमार रवि की बेटी सृष्टि रानी 'स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी' (एसएमए) नामक एक बेहद ही दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त है। अमूमन छोटे बच्चों में होने वाली इस बीमारी में स्पाइनल कॉर्ड और ब्रेन स्टेम में नर्व सेल की कमी से मांसपेशियां सही तरीके से काम नहीं कर पातीं और धीरे–धीरे यह बीमारी प्राणघातक होती चली जाती है। इसका इलाज बेहद ही महंगा है और इलाज में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन 'जोलजेंस्मा' की कीमत 16 करोड़ रुपये है। अब कोल इंडिया ने अपने परिवार की बिटिया के इलाज के लिए 16 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

# सीसीएल एवं बोकारो जिला प्रशासन के बीच एमओयू

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के नेतृत्व एवं निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव के मार्गदर्शन में सीसीएल अपने सीएसआर योजनाओं के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार के साथ मिलकर चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में विगत 20 नवम्बर को सीसीएल एवं बोकारो जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत बोकारो जिला प्रशासन को 42.23 करोड़ रूपये उपलब्ध कराया जायेगा जिसके अंतर्गत सेन्ट्रलाइज्ड ऑक्सीजन पाइपलाइन सिस्टम की स्थापना एवं इससे संबंधित ऑक्सीजन ट्रांसफर, 200 केवीए डीजी सेट आदि सब डिविजन अस्पताल, बेरमो में लगाया जायेगा।


सीसीएल एवं बोकारो जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का एक दृश्य

जिला प्रशासन की ओर से सिविल सर्जन, बोकारो डॉ जितेद्र कुमार एवं सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री एल. बालकृष्ण ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी श्री शक्ति कुमार तथा महाप्रबंधक (ढोरी क्षेत्र), सीसीएल श्री मनोज कुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अपील

अभी–अभी कोरोना महामारी से हम सबने थोड़ी राहत की सांस ली है लेकिन आप सभी को ज्ञात हो कि कोरोना का नया वेरिएंट 'ओमीक्रॉन' विश्व स्तर पर फैलता जा रहा है। अतः हमें सतर्क रहने तथा हर सावधानियाँ अपनाने की जरूरत है। हमारे सभी कोयला कर्मी से विनम्र अपील है कि अपने तथा अपने परिवार का टीकाकरण अवश्य कराएं। स्वस्थ रहें! सुरक्षित रहें!!

# त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न




32वाँ त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति' की बैठक का एक दृश्य

25 नवम्बर को मुख्यालय, रांची स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में सर्वसम्मति से सेफ्टी बोर्ड के सदस्य श्री रमेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में '32वाँ त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति' की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री भोला सिंह, उप महानिदेशक (खान सुरक्षा), साउथ इर्स्टन जोन, श्री उज्ज्वल ताह, डीएमएस, रांची, श्री ए. अहमद, डीएमएस, कोडरमा, श्री ए.के. मिश्राय डीएमएस, रांची श्री अजय सिंहय डीएमएस, धनबाद, श्री आनंद अग्रवाल सहित सेफ्टी बोर्ड के माननीय सद. स्यगण, सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। साथ ही बैठक में सीसीएल के सभी क्षेत्रिय महाप्रबंधक एवं उनकी टीम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये अध्यक्ष, श्री रमेन्द्र कुमार ने कहा कि आज की बैठक में विचारों का अच्छा आदान–प्रदान हुआ जिससे निश्चय ही खदानो की सुरक्षा और बेहतर हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नवीनतम पद्धति का उपयोग करते हुये निरंतर सुधार के साथ आगे बढ़ना है तभी हम जीरो दूर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीसीएल ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि खदान सुरक्षा सर्वोपरि है और कंपनी डीजीएमएस द्वारा बताये गये सुरक्षा निर्देशों का सीसीएल निरंतर पालन कर रहा है।

महाप्रबंधक (सुरक्षा व बचाव) श्री राजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुये पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीसीएल में हो रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधित गतिविधियों की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही पिछली बैठक में लिए गए कार्यवृत तथा उस पर की गई कार्यवाई की भी जानकारी दी।

अवसर विशेष पर विभिन्न क्षेत्रों से सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के माननीय सदस्यों ने खान सुरक्षा संबन्धित अपने–अपने बहु. मूल्य विचार एवं सुझाव दिये।

# सीसीएल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी के बीच एमओयू

22 नवम्बर को सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद की उपस्थिति में सीसीएल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी (Institute of Forest Productivity), रांची, झारखण्ड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी को 441 लाख रूपये उपलब्ध कराया जायेगा। एमओयू के अनुसार खदान क्षेत्र की मिट्टी के संरक्षण और उपयोग एवं देशी पारिस्थितिकी तंत्र के प्रत्यारोपण के लिए कार्यप्रणाली के विकास के लिए एक वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा। अध्ययन में लैंडस्केप डिजाइनिंग, स्थलों की पुष्प विविधता अध्ययन, उपयुक्त प्रजातियों की जांच, मिट्टी का अध्ययन/संशोधन, वृक्षारोपण तकनीक, वृक्षारोपण पर खदान का भौतिक–रासायनिक गुणों का प्रभाव का आकलन, प्रजातियों की मिट्टी की जांच सहित कई विषयों को शामिल किया जाएगा। सर्वप्रथम शोध के लिए सीसीएल के रजरप्पा, आम्रपाली एवं अशोका परियोजना को चिन्हित किया गया है जिसकी अवधि पांच वर्षों की होगी।

# ‘संविधान दिवस’ मनाया गया

26 नवम्बर को मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची में ‘संविधान दिवस’ मनाया गया।

माननीय राष्ट्रपति, माननीय उप राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय लोकसभा अध्यक्ष एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने संसद भवन, नई दिल्ली से देश को संबोधित किये। माननीय राष्ट्रपति के साथ लाईव टेलिकास्ट के माध्यम से जुड़कर सीसीएल कर्मियों ने भारतीय संविधान की ‘‘उद्देशिका’’ को पढ़ा और उसके मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित ‘संविधान दिवस’ के अंतर्गत ”Constitutional Democracy and Fundamental Principles of Indian Constitution” के विषय पर ‘परिचर्चा’ का आयोजन किया गया। विशेष रूप से आमंत्रित झारखण्ड हाई कोर्ट अधिवक्ता, श्री ए.के. मेहता ने परिचर्चा में शामील होकर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों आदि सहित संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया।



संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लेते सीसीएल कर्मी

# सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को भावभीनी विदाई



सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री अतुल कुमार, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), सतर्कता विभाग, जितेन्द्र कुमार तिवारी, उप प्रबंधक (वित्त), आईएडी विभाग, संदीप श्रीकृष्णा, वरीय निजी सहायक ‘ए–1’, एल पी एण्ड आर विभाग, गोपाल प्रसाद, ड्राईवर, सुरक्षा विभाग, मो. खलिल अंसारी, मशीन मैन (ऑफसेट), नगर प्रशासन विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्रीमती गीता कुमारी सिंह, मेट्रन ‘ए–1’य श्रीमती सिसिला बारला, मेट्रन ‘ए–1’ आज सीसीएल से सेवानिवृत्त हुये। ज्ञात हो कि सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों सहित नवम्बर माह में सीसीएल के 98 कर्मी सेवानिवृत्त हुये। सभी कर्मियों को कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

मुख्यालय, रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव ने उपस्थित कंपनी के वरिष्ठतम सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुये कहा कि आप सभी आज एक लंबे कार्यकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं जो स्वयं में एक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आपके विचारो, अनुभवों एवं सुझावों का हम सभी को अनुसरण करते हुये कंपनी को उच्चतम शिखर तक पहुंचाना है।

सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार सुखी एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने अपने विचार रखे, साथ ही कंपनी के उतरोत्तर विकास की कामना की तथा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के उत्तरोत्तर विकास हेतु कुछ सुझाव भी दिये। अवसर विशेष पर सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये सेवानिवृत्त कर्मियों को रिटायरमेंट संबंधित बेनिफिट प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती निर्मला किरण ने किया। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

“ कोई भी इन्सान जन्म से नहीं
बल्कि अपने कर्मों से महान बनता है ”

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Greetings on #ConstitutionDay2021.

In the true spirit of #Constitution, let us all pledge to uphold its values and perform our duties with utmost integrity.

#TeamCCL joins the nation in celebrating this day by reading the preamble of the Indian constitution. #SamvidhanDiwas



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

भगवान #बिरसा_मुंडा को उनकी जयंती पर सीसीएल परिवार द्वारा कोटि कोटि नमन। 🙏

सभी को राष्ट्रीय #जनजातीय_गौरव_दिवस एवं #झारखंड_स्थापना_दिवस की हार्दिक शुभकामनायें ।

मुख्यालय में आज निदेशक (तकनीकि/संचालन) श्री भोला सिंह ने वरीय अधिकारियों व कर्मियों सहित श्रद्धा सुमन अर्पित कियें।

Translate Tweet



Tweet

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#VigilanceAwarenessWeek Closing Ceremony Organised at HQ.

A plethora of activities were organised throughout the week across CCL.

The winners of various competition and nodal officers who conducted #VAW programs in operational areas were felicitated on the occasion. #VAW21



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Sparkling Darbhanga House, CCL HQ, Ranchi on its 47th Foundation Day.

जगमगाता दरभंगा हाउस, सीसीएल मुख्यालय, राँची अपने 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर। #MyCompanyMyPride (1/3)



सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)